बिहार संग्रहालय ने विश्व में बढ़ाया बिहार का मान

विश्व में नौवां और एशिया में पहला स्थान : सिम्मी कुमारी

बिहटा (आससे)। बिहार की ऐतिहासिक विरासत को मिला वैश्विक सम्मान, हर बिहारी के लिए गर्व का क्षण। विश्व के शीर्ष 100 संग्रहालयों की सूची में नौवाँ स्थान और एशिया में प्रथम स्थान हासिल कर बिहार संग्रहालय ने रचा इतिहास। पटना स्थित बिहार संग्रहालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार का गौरव बढ़ाया है। वर्ष 2026 में विश्व के 100 सर्वश्रेष्ठ संग्रहालयों की सूची में बिहार संग्रहालय को विश्व में नौवाँ और एशिया में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस सूची में स्थान पाने वाला यह भारत का एकमात्र संग्रहालय बताया गया है। उक्त बातें रालोमो के प्रदेश महा सचिव श प्रवक्ता सिम्मी कुमारी ने कही।



यह उपलब्धि बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और अनमोल विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। बिहार संग्रहालय में प्राचीन मूर्तियों, ऐतिहासिक सिक्कों, दुर्लभ पांडुलिपियों और लोककलाओं का अनूठा संग्रह है, जो हमारी सभ्यता और सांस्कृतिक परंपराओं की समृद्ध कहानी प्रस्तुत करता है।

बिहार संग्रहालय की यह उपलब्धि प्रत्येक बिहारवासी के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। इससे बिहार की सांस्कृतिक पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई प्रतिष्ठा मिलेगी तथा राज्य में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सिम्मी कुमारी ने प्रेस मिट में दी।

विवाहिता की पिटाई, भाई और भतीजी भी जख्मी

मसौढ़ी (आससे)। मसौढी के छाता ओपी क्षेत्र के गोविंदचक गांव में दहेज को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रीति कुमारी उम्र 23 वर्ष पति अजित कुमार ग्राम गोविंदचक ने छाता ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार 28 अक्टूबर की सुबह 10 बजे प्रीति अपने मायके से ससुराल गोविंदचक लौटी थी। तभी ससुराल के अमीत कुमार (21 वर्ष, पिता अरविंद यादव उर्फ गनौरी यादव) ने फरसा से हमला कर दिया। पति अजीत कुमार ने लाठी से उसके दाहिने हाथ पर तीन बार वार किया, जिससे हाथ फट गया। बीच-बचाव करने आए उसके भाई रिशु कुमार को जींस से माथे पर मारा गया, जिससे सिर फूल गया। वहीं भतीजी महू कुमारी (25 वर्ष) की कलाई फरसा से कट गई। पीड़िता का आरोप है कि अरविंद यादव उर्फ गनौरी यादव, आरती कुमारी (22 वर्ष) और सास सोनसा देवी सभी मिलकर 20 हजार रुपये दहेज की मांग कर रहे हैं और रुपया नहीं देने पर घर में घुसने नहीं देने की धमकी देते हैं।

बिक्रम में सड़क हादसे में शिक्षिका की मौत

बिक्रम (आससे)। थाना क्षेत्र के बिक्रम-सोन नहर मार्ग पर उदरचक गांव के समीप गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षिका अमृता कुमारी (21) की मौत हो गई, जबकि शिक्षक ऋषभ झा गंभीर रूप से जख्मी हो गए. दोनों फुलवारीशरीफ से बाइक से बिक्रम के बारा स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ाने जा रहे थे. हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फुलवारीशरीफ के हरनीचक निवासी बालमुकुंद कुमार की पुत्री अमृता कुमारी और ऋषभ झा प्रतिदिन बाइक से विद्यालय आते थे. गुरुवार सुबह करीब आठ बजे उदरचक गांव के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को तत्काल दतियाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई. वहां चिकित्सकों ने अमृता कुमारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल ऋषभ झा का इलाज जारी है।

बिक्रम थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान के लिए पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

बारा स्थित स्वास्तिक स्कूल के निदेशक राघवेंद्र कुमार ने बताया कि ऋषभ झा और अमृता कुमारी उनके विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे. उन्होंने कहा कि अमृता की कार्यशैली से बच्चे काफी प्रभावित थे. सड़क दुर्घटना में उनकी मौत की खबर से विद्यालय परिवार मर्माहत है।

छठ पूजा को लेकर एसडीएम ने गंगा घाटों का किया निरीक्षण

मनेर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रशासन ने गंगा घाटों की व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है।

इसी क्रम में गुरुवार को दानापुर अनुमंडल पदाधिकारी श्री विरूपाक्ष विक्रम सिंह ने मनेर अंचलाधिकारी पूजा कुमारी के साथ मनेर के प्रमुख गंगा घाटों का सघन निरीक्षण किया। एसडीएम ने हल्दी छपरा, नीलकंठ टोला, गोरैया स्थान और शेरपुर गंगा घाटों की वर्तमान स्थिति, साफ-सफाई, संपर्क पथ, जलस्तर और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अंचलाधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व में बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते हैं, इसलिए घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षित आवागमन, प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

नशेड़ियों ने की फायरिंग

मसौढ़ी (आससे)। मादक पदार्थ नहीं मिलने पर बदमाशों ने मोहन शर्मा पथ पर आठ राउंड फायरिंग की। इससे आसपास दहशत व्याप्त हो गया और भयवश लोगों ने अपने घर के दरवाजे बंद कर लिए। बाद में बदमाश आराम से तारेगनाडीह होकर बधार से गुजरते हुए पश्चिम दिशा में निकल गए।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही थी।मिली जानकारी के मुताबिक मोहन शर्मा पथ के पास गलमोछा लगाए आधा दर्जन बदमाश ब्राउन शुगर खरीदने गए थे। लेकिन उन्हें ब्राउन शुगर नहीं मिल सका। इससे गुस्साए बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए आठ राउंड फायरिंग की। इससे आसपास के लोग भयभीत हो अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। बताया जाता है कि उस वक्त काम कर खासकर ट्रेन से उतरकर घर लौटनेवाले राहगीरों जिसमें महिलाएं भी होती हैं की अच्छी खासी संख्या रहती है और बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग से उनमें भी भय व्याप्त हो गया।

छापेमारी में ७४.७५ लीटर शराब बरामद

बिहटा (आससे)। बिहटा के आईआईटी अमहरा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दौलतपुर गांव स्थित एक सुनसान जगह पर छापेमारी कर 74.75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस की आने की भनक लगते ही कारोबारी मौके से फरार हो गए। पुलिस शराब को जप्त कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी शुरू कर दी है।घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी रौशन कुमार राज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दौलतपुर गांव में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव में छापेमारी की। इस दौरान 74.75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई।शराब बरामदगी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर धंधे में शामिल लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

शादी की नीयत से नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाया

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ थाना क्षेत्र के देवकली गांव से शादी की नीयत से नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता मनोज कुमार पिता शिवदेव पासवान, ग्राम देवकली, थाना धनरूआ, ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है।आवेदन के अनुसार उनकी बेटी बबली कुमारी उम्र 16 वर्ष साइंस कोचिंग में पढ़ने के लिए कहकर घर से निकली थी, जो अभी तक वापस नहीं लौटी है। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि मसौढ़ी के दुधीचक में रहने वाले जैकी कुमार उर्फ जॉनी कुमार पिता गुड्डू पासवान, गुड्डू पासवान और गुड्डू पासवान की पत्नी तीनों मिलकर उनकी बेटी को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं और कहीं छुपा कर रखे हुए हैं। पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटी को बरामद करने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

घर से एलपीजी गैस सिलेंडर चोरी

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के यादव नगर में चोरी का मामला सामने आया है। पीड़िता अनीता कुमारी पति राकेश कुमार, ग्राम बैरीचक की निवासी, वर्तमान में मसौढ़ी यादव नगर में अपना घर बनवाकर रह रही हैं, ने थाना में आवेदन देकर शिकायत की है।आवेदन के अनुसार सुबह वह स्नान घर में कपड़ा साफ कर रही थीं। इसी दौरान रिशु कुमार पिता मधु सिंह और टिंकू कुमार पिता मुन्ना सिंह, दोनों ग्राम बैरीचक मसौढ़ी, के निवासी उनके घर में घुस गए और भारत कंपनी की 15ऋ्र की सिलेंडर कि चोरी कर ले गए। पीड़िता ने थाना प्रभारी से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिला पर ब्लेड से जानलेवा हमला

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मणिचक गांव में एक महिला पर ब्लेड से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता तन्नू कुमारी पति जितेन्द्र कुमार, ग्राम मणिचक ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार पीड़िता अपने घर पर बैठी थी तभी गांव के ही दीपांशु कुमार पिता राजू यादव ग्राम सोनकुकरा, आदित्य कुमार पिता मंगल यादव ग्राम गंगाचक और एक अन्य युवक उसके घर पर आए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान दीपांशु कुमार ने ब्लेड निकालकर पीड़िता के शरीर पर जान मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे वह जख्मी हो गई। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े और डायल 112 को बुलाया गया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

रबी महाअभियान में जैविक खेती पर जोर

खुसरूपुर (आससे)। प्रखंड सभागार में गुरुवार को आत्मा, पटना द्वारा बासंतिक रवि महा अभियान सह खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। इसका संयुक्त उद्घाटन बीडीओ, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष, मत्स्य विकास पदाधिकारी और पशुपालन पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य बासंतिक रवि फसलों की उन्नत खेती और नई तकनीकों के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाना था। %खेती बचाओ अभियान% के तहत विशेषज्ञों ने रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के सीमित उपयोग और जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अश्वनी कुमार चंद्रावल, कृषि समन्वयक अशोक कुमार चौधरी, सहायक तकनीकी प्रबंधक अनामिका राज, सहिता निशि और किसान सलाहकार राजेश कुमार, धर्मवीर कुमार एवं पूनम कुमारी सहित कई किसान उपस्थित थे।

शराब पीकर हंगामा कर रहे तीन युवक गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ थाना पुलिस ने जलालपुर शिव मंदिर के पास शराब पीकर हल्ला-हंगामा कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।दरअसल रात्री गश्ती के दौरान पमेड़ी बाजार के पास थे तभी रात सूचना मिली कि ग्राम जलालपुर स्थित शिव मंदिर के पास कुछ व्यक्ति शराब के नशे में हल्ला-हंगामा कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समय जलालपुर स्थित शिव मंदिर के पास पहुंचे तो पुलिस की गाड़ी को देख कर कुछ लोग भागने लगे, जिन्हें साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से तीन व्यक्ति को पकड़ा गया।पकड़ाए व्यक्तियों से नाम-पता पूछने पर राहुल कुमार उम्र करीब 28 वर्ष पिता स्व0 लालू मांझी, राजेश मांझी उम्र करीब 30 वर्ष पिता स्व0 चन्द्रदीप मांझी दोनों साकिन दरियापुर, नितिश शर्मा उम्र करीब 20 वर्ष पिता धनंजय शर्मा साकिन अलीपुर, तीनों थाना धनरूआ बताया।

उत्पाद टीम पर हमला मामले में एक नामजद, महिला गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। मसौढी थाना के संगतपर मुसहरी में शराब की छापेमारी करने गई उत्पाद थाना की टीम पर शराब कारोबारियों ने जानलेवा हमला मामले में एक नामजद महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 9 दिसंबर 2025 की रात करीब साढ़े 7 बजे की है। दरअसल बताया जाता है की उत्पाद थाना मसौढ़ी में पदस्थापित स्ढ्ढ शंभु कुमार (उम्र 48 वर्ष, पिता स्व. धनेश्वर प्रसाद, ग्राम कंचनपुर, ने मसौढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी अनुसार वरीय पदाधिकारी के आदेश पर स्ढ्ढ सौरभ चंद्र के नेतृत्व में संगतपर मुसहरी छापेमारी करने पहुंचे थे। छापेमारी के दौरान 2 शराबी को गिरफ्तार किया गया था। इसी दौरान करीब 15 अज्ञात शराब कारोबारियों ने छापेमारी दल पर ईट-पत्थर से हमला कर गिरफ्तार लोगों को छुड़ाने का प्रयास किया। भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने जवानों की राइफल छीनने की भी कोशिश की।पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर हमले में शामिल 4 लोगों की पहचान की थी,इसी मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्ता सोनी कुमारी उर्फ सोनी देवी पति पप्पू चौधरी, ग्राम संगतपर को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

वर्दी में ही गंगा में कूदा होमगार्ड जवान डूब रही जम्मू की महिला की बचायी जान

मोकामा (आससे)। मोकामा स्थित तपस्वी गंगा घाट पर गुरुवार दोपहर उस वक्त बड़ा हादसा टल गया, जब गंगा की तेज धार में बह रही एक महिला को होमगार्ड जवान ने अपनी जान पर खेलकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जवान के इस अदम्य साहस और तत्परता की हर तरफ जमकर सराहना हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, जम्मू से मोकामा पहुंची एक महिला दोपहर के समय तपस्वी गंगा घाट पर गंगा स्नान कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नदी के गहरे पानी में चली गई। गंगा की तेज धार महिला को तेजी से बहा ले जाने लगी, जिससे घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई।

उसी वक्त मोकामा में तैनात होमगार्ड जवान विकास कुमार अपने सहयोगी के साथ मोटरसाइकिल गश्ती पर निकले थे। घाट पर मची अफरा-तफरी और डूबती महिला को देख विकास ने एक पल की भी देर नहीं की। उन्होंने तुरंत अपना मोबाइल फोन अपने साथी को थमाया और बिना वर्दी उतारे ही सीधे उफनती गंगा में छलांग लगा दी।



तेज बहाव और भारी वर्दी के बावजूद विकास ने हार नहीं मानी। कड़ी मशक्कत और तैरने की अपनी कला के दम पर वे बह रही महिला तक पहुंचे और उसे सुरक्षित घाट के किनारे ले आए।

महिला को सकुशल बाहर निकालने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। समय रहते दिखाई गई इस बहादुरी के लिए घाट पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय नागरिकों ने जवान विकास कुमार की पीठ थपथपाई। इलाके में विकास के इस साहसिक कार्य की खूब चर्चा हो रही है।

पार्सल चोरी कांड का खुलासा डिलीवरी ब्वॉय बैग के साथ गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। इकता लॉजिस्टिक के डिलीवरी हब में हुई पार्सल चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी डिलीवरी बॉय को चोरी के सामान से भरे बैग के साथ रंगे हाथों धर दबोचा है। दरअसल इस संबंध में इकता लॉजिस्टिक कंपनी में बतौर टीम लीडर कार्यरत सम्यक कुमार सन्री पिता सुबोध कुमार सिन्हा, राजीव नगर रोड, बिंदेश्वरी नगर, पाटलीपुत्रा कॉलोनी पटना ने मसौढी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि दिनांक 23/10/2026 को डिलीवरी हब से कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करने वाले अमन कुमार पिता नितीश कुमार, ग्राम चकलमा,, मसौढ़ी, प्रोफाइल ने स्मार्ट फोन, कपड़े समेत कई कीमती पार्सल चोरी कर लिए और फरार हो गया था। इस केस के अनुसंधानकर्ता सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र राजहंस ने बताया कि केस दर्ज होने के बाद गुप्त सूचना मिली कि आरोपी डिलीवरी बॉय नदौल के पास शिव मंदिर के पास बैग लेकर खड़ा है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बैग के साथ आरोपी को रंगे हाथ दबोच लिया। तलाशी के दौरान बैग से चोरी के सारे पार्सल बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

लेट होने पर यात्रियों ने सदिसोपुर स्टेशन पर रोकी ट्रेन, परिचालन बाधित

बिहटा (आससे)। दानापुर रेल मंडल के सदिसोपुर स्टेशन पर गुरुवार को आरा-पटना पैसेंजर ट्रेन संख्या 63214 डाउन के एक घंटे विलंब से पहुंचने पर यात्रियों ने नाराजगी जताते हुए ट्रेन को करीब 20 मिनट तक रोक दिया। इससे कुछ देर तक रेल परिचालन बाधित रहा। यात्रियों का आरोप है कि बक्सर-पटना रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेनों के लगातार विलंब से चलने के कारण उन्हें रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों ने बताया कि कई पैसेंजर ट्रेनें पटना पहुंचने में निर्धारित समय से दो घंटे से भी अधिक की देरी कर रही हैं। इसका सबसे ज्यादा असर सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों और रोजी-रोटी के लिए पटना आने-जाने वाले लोगों पर पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि छोटे स्टेशनों पर सुबह 3ः30 बजे के बाद करीब चार घंटे के अंतराल पर 63214 डाउन पैसेंजर ट्रेन पहली गाड़ी के रूप में उपलब्ध होती है। ऐसे में यह ट्रेन भी विलंब से चलेगी तो वे समय पर पटना कैसे पहुंचेंगे। यात्रियों ने यह भी बताया कि हाल ही में बिहटा स्टेशन पर रेलवे की ओर से आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान वरीय रेल अधिकारियों से पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन निर्धारित समय पर कराने की मांग की गई थी। हालांकि, यात्रियों के अनुसार अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इधर, दानापुर रेल जीआरपी थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि आरा-पटना पैसेंजर ट्रेन के विलंब से पहुंचने के कारण यात्रियों ने उसे रोक दिया था। सदिसोपुर स्टेशन पर मौजूद जीआरपी की मदद से ट्रेन को दोबारा पटना के लिए रवाना कर दिया गया।

लालगाड़ी अभियान में सैकड़ों बिना टिकट यात्री धराये

मसौढ़ी (आससे)। पटना-गया रेलखंड पर बिना टिकट यात्रा करने वालों पर नकेल कसने के लिए पूर्व मध्य रेल के दानापुर रेल मंडल ने सघन टिकट जांच अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने मंडल के विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। इस दौरान वातानुकूलित आरक्षित कोचों सहित सभी प्रमुख ट्रेनों में यात्रियों के टिकट और यात्रा प्राधिकार की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान पुनपुन स्टेशन पर चलाए गए लाल गाड़ी विशेष टिकट जांच अभियान में अकेले 111 यात्री बिना टिकट धराए, जिनसे 61,050 रुपये की वसूली की गई।

सूरत से अपहृत नाबालिग बरामद

मसौढ़ी (आससे)। गुजरात के सूरत से अपहृत नाबालिग लड़की को बिहार एसटीएफ, पटना जिला पुलिस व गुजरात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बरामद किया गया है. इस मामले में धनरुआ थाना क्षेत्र के नीमा निवासी बिट्टू को लेकर एसटीएफ की प्रेस विज्ञप्ति व धनरुआ थानाध्यक्ष के बयान में अंतर सामने आया है. एसटीएफ ने अपनी विज्ञप्ति में बिट्टू की गिरफ्तारी का उल्लेख किया है, जबकि धनरुआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने उसे पुलिस हिरासत में लिये जाने की बात कही है. बिहार पुलिस मुख्यालय (एसटीएफ) की 29 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 28 अक्टूबर को संयुक्त कार्रवाई के दौरान सूरत के सलाबतपुरा थाना में दर्ज कांड के आरोपित बिट्टू साह को धनरुआ थाना क्षेत्र के नीमा से गिरफ्तार किया गया. विज्ञप्ति में बताया गया है कि नाबालिग लड़की के अपहरण के संबंध में 11 अक्टूबर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. मामले में आरोपित की गिरफ्तारी के बाद अपहृत लड़की को सकुशल बरामद करने की बात कही गयी है। वहीं, धनरुआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से बिट्टू को हिरासत में लिया गया है।

बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में निकली जागरूकता रैली

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी स्थित +2 प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में डिस्लेक्सिया जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों और आम लोगों में डिस्लेक्सिया के प्रति समझ और संवेदनशीलता बढ़ाना था। विद्यालय की छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी पोस्टर, तख्तियां और बैनर लेकर पूरे परिसर और आसपास के क्षेत्र में भ्रमण किया। रैली के दौरान छात्राओं ने नारे लगाते हुए बताया



कि डिस्लेक्सिया कोई बीमारी नहीं, बल्कि सीखने की एक अलग प्रक्रिया है। ऐसे बच्चों को विशेष सहयोग, धैर्य और समावेशी शिक्षा की आवश्यकता होती है। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बताया कि कई बार बच्चे पढ़ने-लिखने में कठिनाई महसूस करते हैं तो उन्हें कमजोर समझ लिया जाता है, जबकि जरूरत है उन्हें समझने और सही मार्गदर्शन देने की। समावेशी शिक्षा के तहत ऐसे बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनामिका गुप्ता, अर्चना गुप्ता,रिंकी कुमारी, संजना, अजीत कुमार आदी सभी शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। शिक्षिकाओं ने कहा कि इस तरह की रैलियों से समाज में सकारात्मक सोच विकसित होती है। कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में ही किया गया, जहां छात्राओं को डिस्लेक्सिया के लक्षण, पहचान और सहयोग के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

नशामुक्ति अभियान को लेकर अनुमंडल स्तरीय बैठक

मसौढ़ी (आससे)। अनुमंडल कार्यालय, मसौढ़ी में गुरुवार को नशामुक्ति अभियान को लेकर अनुमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने की। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी विभागों के पदाधिकारियों को नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीओ ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन, फ्लेक्स, बैनर और पोस्टर के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाए। विशेषकर युवा वर्ग और स्कूली बच्चों को इस अभियान से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर परिषद मसौढ़ी और नगर पंचायत पुनपुन क्षेत्र में विशेष स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों, जीविका समूहों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से गांव-गांव तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा। बैठक में उत्पाद अधीक्षक निशांत कुमार, राजू रंजन कार्यपालक पदा. नगर परिषद मसौढ़ी, कार्यपालक पदा. नगर पंचायत पुनपुन, अनु. कार्य. दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, सीडीपीओ अनीता कुमारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी के डॉ. आनंद कुमार, बीपीएम जीविका सहित विभिन्न विभागों के पदा. उपस्थित रहे।

आवंटन बढ़ने के बाद ही धान खरीद शुरू करने पर अड़े पैक्स अध्यक्ष

मसौढ़ी (आससे)। धान की अच्छी पैदावार के बीच खरीद का आवंटन नहीं बढ़ने से धनरूआ के पैक्स अध्यक्षों की चिंता बढ़ गयी है. पैक्स अध्यक्षों ने स्पष्ट किया है कि धान खरीद का आवंटन बढ़ने के बाद ही अधिप्राप्ति शुरू की जायेगी. गुरुवार को प्रखंड के छाती पैक्स कार्यालय पभेड़ी मोड़ में हुई बैठक में अध्यक्षों ने कहा कि आवंटन नहीं बढ़ने पर किसानों से धान खरीदने में परेशानी होगी. वहीं, लंबित भुगतान, ब्याज के बोझ व कमीशन समेत अन्य शुल्क में बढ़ोतरी की मांगों को लेकर भी नाराजगी जतायी गयी।

पैक्स अध्यक्षों का कहना है कि इस वर्ष धान की पैदावार अच्छी हुई है. ऐसे में पिछले निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आवंटन मिलने पर बड़ी संख्या में किसानों का धान खरीदना मुश्किल हो सकता है. उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में धान की पैदावार व किसानों की जरूरत को देखते हुए खरीद का लक्ष्य बढ़ाया जाये, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी नहीं हो.बैठक में राज्य खाद्य निगम से सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) के लंबित भुगतान का मुद्दा भी उठाया गया. पैक्स अध्यक्षों के अनुसार, भुगतान में देरी के कारण समितियों पर बैंक ऋण व ब्याज का बोझ बढ़ रहा है. उन्होंने बकाया राशि का जल्द भुगतान करने व विलंब के कारण लगे ब्याज की भरपाई करने की मांग की. इसके अलावा अधिप्राप्ति कमीशन,मिलिंग, मंडी श्रम व हैंडलिंग शुल्क बढ़ाने तथा डिफॉल्टर समितियों को राहत देने की मांग भी रखी गयी।

पैक्स अध्यक्षों ने अपनी मांगों को लेकर 30 अक्टूबर को जिला स्तर पर बैठक कर जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की है. उन्होंने कहा कि धान खरीद 15 नवंबर से प्रस्तावित है. ऐसे में समय रहते आवंटन बढ़ाने व अन्य समस्याओं का समाधान जरूरी है. मांगों पर ठोस पहल नहीं होने पर धान अधिप्राप्ति के बहिष्कार का विकल्प अपनाने की चेतावनी भी दी गयी.बैठक में पैक्स अध्यक्षों के जिलाध्यक्ष रितेश कुमार के अलावा विक्की कुमार, राजनंदन प्रसाद, संतोष कुमार, राजकुमार और सुरेन्द्र कुमार समेत अन्य पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे।

एसडीएम ने इंदर सिंह उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

मनेर। मनेर प्रखंड के शेरपुर स्थित सरस्वती विद्यानिकेतन आदर्श विद्यालय (इंदर सिंह हाई स्कूल, शेरपुर) का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर श्री विरूपाक्ष विक्रम सिंह ने किया।

एसडीएम के विद्यालय पहुँचते ही विद्यालय परिवार में हलचल मच गई। उन्होंने सबसे पहले विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, विधि-व्यवस्था, वर्ग कक्षों, मध्यान्ह भोजन, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।

इसके बाद वे सीधे कक्षाओं में पहुँचे और छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई में रुचि, उनके लक्ष्य और विषय से संबंधित सवाल पूछे। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ सभी सवालों के सटीक जवाब दिए, जिससे एसडीएम काफी संतुष्ट और प्रसन्न दिखे। इन्होंने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मधु रानी से शैक्षणिक प्रगति और उपस्थिति पंजी की जानकारी ली।एसडीएम विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना करते हुए उपस्थिति दर को और बेहतर करने के लिए नियमित अभिभावक संगोष्ठी आयोजित करने और अभिभावकों को जागरूक करने पर विशेष जोर देने को कहा।

बारिश ने नगर परिषद की खोली पोल, किसानों के चेहरे मुरझाये

मसौढ़ी (आससे)। अनुमंडल के शहरी एवं ग्रामीण इलाके में चक्रवात के कारण हुई झमाझम वर्षा से मसौढ़ी नगर परिषद की सफाई का पोल जहां खुल गई है वहीं इलाके के किसानों के चेहरे मुरझाए हुए नजर आ रहे हैं बीते रात्रि से प्रारंभ हुई वर्षा के कारण मसौढ़ी बाजार के मुख्य सड़क से लेकर मोहल्ले के गलियों में जल जमाव एवं कीचड़ जमा हुआ है जिसके कारण आम लोगों को घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लोगों ने बताया कि नगर परिषद साफ सफाई पर नगर परिषद के द्वारा प्रतिमाह 30 लाख रुपए से अधिक खर्च किए जाते हैं बावजूद इसके मोहल्ले के नालियां जाम रहती है कई गलियों में कीचड़ एवं जल जमाव की स्थिति बनी हुई है इधर बे मौसम हुई बरसात के कारण इलाके के किसानों के चेहरे मुरझाए हुए हैं किसानों का कहना है कि धान का फसल खेत में तैयार है ऐसी स्थिति में वर्षा होने के कारण धान के फसल की क्षति होने की संभावना बढ़ रही है किसानों ने कहा कि मेहनत कर हम लोग के द्वारा धान की फसल खेतों में लगाई गई थी जब फसल काटने की बारी आई है तो वर्षा के कारण धान क्षति होने की संभावना बढ़ गई है

कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन

मसौढ़ी (आससे)। मसौढी में इन दिनों प्रखंड के गांव-गांव में खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान से बचाना और आधुनिक व जैविक खेती के प्रति जागरूक करना है।चौपाल में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक और किसान सलाहकारों की टीम गांव में पहुंचकर किसानों को खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दे रही है। ऐसे में शाहाबाद पंचायत के छाता गांव के कृषि भवन में आयोजित कृषि चौपाल में कृषि कोऑर्डिनेटर विजय कुमार ने बताया कि लगातार रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अंधाधुंध छिड़काव से मिट्टी की गुणवत्ता लगातार खराब हो रही है। इससे न केवल फसल की पैदावार घट रही है बल्कि जमीन भी बंजर होने की कगार पर पहुंच रही है। चौपाल के दौरान किसानों को मिट्टी जांच का महत्व समझाया गया। एटीएम रंजीत ने कहा कि बुआई से पहले हर किसान को अपने खेत की मिट्टी की जांच अवश्य करानी चाहिए ताकि पता चल सके कि खेत में किस तत्व की कमी है। इसी के अनुसार खाद और उर्वरक का प्रयोग करना चाहिए। इसके साथ ही किसानों को बीज का टीकाकरण, बीज उपचार, जैविक खाद का प्रयोग, हरी खाद, गोबर की खाद और वर्मी कंपोस्ट के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। किसानों को बताया गया कि जैविक तरीके से खेती करने पर लागत कम आती है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ लेकर किसान उन्नत खेती कर सकते हैं। कृषि विभाग की ओर से अनुदान पर बीज, कृषि यंत्र और मिट्टी जांच की सुविधा दी जा रही है। इस अभियान से किसानों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में किसान चौपाल में भाग लेकर जानकारी ले रहे हैं।

OFFICERS TRAINING ACADEMY,PAHARPUR,GAYA(BIHAR)

NOTICE INVITING APPLICATION NO 42971/QM/GCS CLO/QM DATED 30 OCT 2026

1. Officers Training Academy, Gaya (Bihar), invites applications from reputed and experienced vendors for providing 02(Two) types of Army uniform Shoes(Boot High Ankle with Toe Cap & Brogue Shoes) for approximately 750 Officer Cadets undergoing training each year. Details of Army Uniform Shoes can be obtained from Office of QM, OTA, Gaya. For further query contact Quarter Master, OTA, Gaya on Mob No 7665433605.

2. **Eligibility Criteria is mentioned as follows :-**

2.1 Vendor should have minimum three years experience of Army Uniform Shoes,Manufacturing,provisioning/supplying of Army Uniform Shoes for Officer Cadets and all ranks.

2.2 Applicants will enclose following documents along with application:-

2.2.1 Income Tax Return Certificate last 3 years.

2.2.2 Residential Proof/Voter ID and 01 x Passport Size colour photograph.

2.2.3 Bank Account Details.

2.2.4 PAN Card.

2.2.5 TIN/GST along with registration certificate.

2.2.6 Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) & Make In India (MII) Certificate where applicable.

2.2.7 Police verification (Character Certificate).

2.2.8 Experience Certificate from military authority/ institutions.

2.3 Vendor applying should have his own manufacturing plant for Army Uniforms Shoes. Capacity verification will be done by Board of Officer for checking the same.

2.4 Other details of Army Uniform Shoes required to be supplied may be obtained by vendors from QM OTA Gaya on phone (Contact No. mentioned in Paragraph1).

2.5 Company should not have been blacklisted by any government organization and there should not be any police case against the vendor. A vendor found to be applying for contract by creating proxy firms under different names will be disqualified and blacklisted.

2.6 Technical Specifications and design of Army Uniform Shoes will be discussed and specified to the vendor in a pre bid meeting with a Board of Officers(BOO).Army Uniform Shoes quality not as per demanded standards will invite disqualification from their participation. Request for Proposal documents will be issued to the vendors fulfilling the eligibility criteria. Last date of receipt of application is **09 November 2026.**

2.7 Bids shall be evaluated both in terms of quality as well as quoted price ie as per quality & cost based selection(QCBS) methodology.

Commandant
Officers Training Academy, Gaya